# हार नहीं होती

(संकलित)


लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती ।



नन्ही चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है ।

मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है ।

आखिर उनकी मेहनत बेकार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती ।



डुबकियाँ सिंधु में गोताखोर लगाता है,
जा-जाकर खाली हाथ लौटकर आता है।

मिलते न सहज ही मोती गहरे पानी में,
बढ़ता दूना उत्साह इसी हैरानी में।

मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती ।

असफलता एक चुनौती है, स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो ।

जब तक न सफल हो, नींद चैन की त्यागो तुम,
संघर्षों का मैदान छोड़ मत भागो तुम ।

कुछ किए बिना ही जय-जयकार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती ।

**शब्दार्थ :**

कोशिश - प्रयास
रग - नस
आखिर - अंत में
शोताखोर - डुबकी मारने वाले
हैरानी - परेशानी
चुनौती - ललकार

## अनुशीलनी

**१. समझो और लिखो :**

(i) चींटी से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?
(ii) कैसे लोगों की हार नहीं होती ?
(iii) गोताखोर से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ?
(iv) असफलता को चुनौती क्यों माना गया है ?
(v) व्यक्ति की जयजयकार कब होती है ?

२. **निम्नलिखित पंक्तियों के अर्थ अपने शब्दों में लिखो ।**

(i) आखिर उनकी मेहनत बेकार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती ।

(ii) असफलता एक चुनौती है, स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो ।

३. **निम्नलिखित पंक्तियों को पूरा करो :**

(i) डुबकियाँ सिंधु में ........................,
......................... लौटकर आता है।

(ii) कुछ किए बिना ही ...........................
......... करने वालों की .................... ।

४. **भाषाबोध :**

(i) **निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखो ।**

हार - .........

सिंधु - ........

नौका - .........

पानी - .........

(ii) **पाठ से कर्त्ता और क्रिया पद चुनकर उनका संबंध समझिए । कुछ वाक्य भी बनाइए ।**

❖ ❖ ❖